## सार-समाचार

### अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट का गठन

**कपासन,** (निसं)। कपासन में स्थानीय बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट का गठन किया। इस अवसर पर विधिक क्षेत्र में 40 वर्षों से अधिक सेवा देने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया और ट्रस्ट के टिकट का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाना के महंत अनुजदास महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सीपी जोशी थे, जबकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के को-चेयरमैन सुरेश श्रीमाली ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में एडीजे डॉ. महेंद्र सोलंकी, एसीजेएम निष्ठा पांडे, न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम नाहर, बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य रतन सिंह, पूर्व प्रधान मोहब्बत सिंह राठौड़, नगर पालिका अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी, उपाध्यक्ष ऐजाज अली, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट और एसडीएम राजीव सुहालका शामिल थे।अतिथियों ने कपासन अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट के गठन की घोषणा की और इसके टिकट का विमोचन किया। इसके बाद, 40 सालों से अधिक समय से विधिक कार्य में सेवा दे रहे नौ वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इनमें दुर्गा शंकर दाधीच, गोविंद सिंह सिरोया, बालेन्द्र कोठारी, सत्यनारायण उपाध्याय, कृष्णचंद तुलछिया, बंशीलाल लड्ढा, चंद्र सिंह भंडारी, रूप सिंह राणावत और रामेश्वर लाल झवर शामिल थे।इससे पूर्व, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सांसद और विधायक से न्यायालय परिसर में आरएए का कैंप कोर्ट शुरू करवाने, एडीएम कार्यालय मुख्यालय कपासन करने, कोर्ट परिसर में अधिवक्ता चेंबर बढ़ाने, ई-लाइब्रेरी में सुविधा उपलब्ध करवाने, जेल से स्टेशन तक के मार्ग को विक्रमादित्य रोड नाम देने, सिविल क्वार्टर बनवाने और कोर्ट से लगी जमीन को न्यायालय के लिए आवंटित करने जैसी मांगें रखीं।

### सहकार मेले का समापन

**उदयपुर,** (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में सहकार में समृद्धि की भावना को परिलक्षित करने के उद्देश्य से गांधी ग्राउण्ड में आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय सहकार मेला 2025 का समापन समारोहपूर्वक हुआ। मेला सचिव डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि मेले की उदयपुर वासियों ने खुले दिल से सराहना की। मेले में विशेष रुप से आदि हाट के अन्तर्गत जनजातीय महिलाओं द्वारा प्रदर्शित किये गये उत्पाद मेले का मुख्य आकर्षण रहे। मेले मे आए अतिथियों ने गुणवता पूर्वक वस्तुओं की प्रशंसा करते हुए आगे भी इसी तरह के मेले के आयोजन के लिए सुझाव दिए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रमोद सामर ने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन जनमानस में सहकारिता की भावना को सशक्त करने का कार्य करते है। उन्होंने भविष्य में भी सहकारिता के बैनर तले ऐसे आयोजन निरन्तर रुप से करने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में मेले के सभी 40 विक्रेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ मेले के सफलतम आयोजन में भागीदारी करने वाले सभी हितधारको को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अन्त में मेला संयोजक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती गुजन चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ धर्मेश मोटवानी ने किया।

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**भीम,** (निसं)। राजस्थान प्राथमिक अध्यापक संघ लेवल-1 के प्रतिनिधिमंडल ने लेवल प्रथम के शिक्षकों की लंबित पदोन्नित प्रक्रिया को शीघ्र शुरू कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर राजसमन्द को ज्ञापन सौंपा।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लेवल प्रथम के अनेक शिक्षक लंबे समय से पदोन्नित की प्रतीक्षा कर रहे हैं।जिसके कारण शिक्षकों में निराशा और असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि विभागीय नियमों के अनुसार पदोन्नित प्रक्रिया समय पर पूरी होनी चाहिए। ताकि शिक्षकों को उचित वरिष्ठता और कार्यस्थल पर प्रोत्साहन मिल सके।जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को संबंधित विभाग व अधिकारियों तक पहुँचाकर त्वरित कार्रवाई के लिए प्रयास करेंगे।ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिला सचिव प्रदीप ज्याणी जिला महिला अध्यक्ष सरिता चौधरी राजसमंद ब्लॉक अध्यक्ष शिवप्रकाश खेड़ खेमराज, आलोक, मैना कुमारी, तुलबीर कुमार ,कैलाश बिश्नोई ,मांगीलाल बिश्नोई ,अनिल बिश्नोई अश्विन डारा सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी करने वाला को-प्रोड्यूसर व साथी मुम्बई से गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। इन्द्रा आईवीएफ और इन्द्रा इन्टरटेंटमेंट के डॉ.अजय मुर्डिया द्वारा दर्ज प्रकरण में उदयपुर पुलिस ने बॉलीवुड़ के डायरेक्टर विक्रम भट्ट के को प्रोड्यूशर मेहबूब अंसारी और वेण्डर संदीप त्रिभोवन को गिरफ्तार किया है। मामले में अजय मुर्डिया द्वारा प्रस्तु साक्ष्या के आधार पर पुलिस इस मामले में प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी होना मान रही है। पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी दो आरोपियों मीरा रोड़ थाणे निवासी को प्रोड्यूशर मेहबूब अंसरी पुत्र उस्मान अंसारी और वेण्डर त्रिभोवन को गिरफ्तार किया गया है। वेण्डर के जरिये जो भी बील क्लेम किए जाते थे। उन्हे विक्रम भट्ट की पत्नी श्वेताम्बरी, को प्रोड्यूशर मेहबूब अंसारी और उदयपुर के दिनेश कटारिया द्वारा वेरीफाई करने के बाद ही इन्द्रा आईवीएफ के खाते से रूपया रिलिज होता था। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मेहबूब अंसारी की भूमिका है। पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित ने बताया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वेण्डर त्रिभोवन का 60 हजर रूपये वेतन था। जबकि इन्द्रा आईवीएफ ऐ 2 लाख का वेतन लिया जाता था। संदीप के खाते रूपये आने के बाद 1 लाख 40 हजार रूपये भट्ट की पत्नी श्वेताम्बरी के खातें में ट्रांसफर कर दिए जाते थे। इसके अलावा आरोपियों ने कलर वाले,ऑटों वालों को भी वेण्डर बना कर उसके बील क्लेम करवाए और इन्द्रा इन्टरटेंटमेंट से भुगतान रिलिज करवाया।

### शव सौंपा

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षैत्र में भटियानी चोहट्टा में अचेत अवस्था में मिले अज्ञात व्यक्ति को हेडकांस्टेबल जगदीश ने चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त नहीं होने पर एएसआई चंद्रभान सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के मोहनसिंह को सौंप कर अंतिम संस्कार करवाया।

# 'पारम्परिक खान-पान की ओर पुनः लौटने की जरूरत'



उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय प्रांगण में संस्कृति मेले 2025 का आयोजन किया गया।

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय प्रांगण में संस्कृति मेले 2025 का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षणार्थी छात्राध्यापकों को भावी व्यवसायिक जीवन में आने वाले दायित्वों के निर्वहन और भारतीय परंपराओं से रूबरू करवाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंदेवोत, कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. भवानी पाल सिंह राठौड ने सरस्वती की प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर व फीता काट कर किया।

- **विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजन एवं गेम जॉन की 30 से अधिक लगाई स्टाल**


कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता की दौड़ में सांस्कृतिक मूल्यों से दूरी बना रही है, ऐसे में इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी जड़ो से जोड़ने का उत्कृष्ट प्रयास हैं। उन्होंने बताया कि फास्ट फूड के जमाने में पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत करना संस्कृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है तथा इससे छात्रों में कार्यक्रम संचालन, प्रबंधन और बाजार की समझ विकसित होती है। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में बदली जीवनचर्या में पारंपरिक भोजन के स्वास्थ्य लाभ को रेखांकित करते हुए कहा कि हमें पुनः अपने प्राचीन खानपान की ओर लौटना होगा। प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने बताया कि मेले में विधार्थी, संकाय सदस्य एवं अधिकारियों ने मेले का लुफ्त उठाया। इस मौके पर प्रो. गजेन्द्र माथुर, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अनिता कोठारी सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने नाट्य प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक प्रबन्ध संकाय फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा अन्तर महाविद्यालय नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उदयपुर संभाग के कुल 10 कॉलेजों की टीमों ने विभिन्न विषयों पर नाटक का मंचन किया गया। सांस्कृति क्लब की अध्यक्षता में अभिनय कला की अभिव्यक्ति को साकार करने हेतु ड्रामा प्रतियोगिता 'स्टोरिज ऑन स्टेज' का आयोजन किया। सभी टीमों ने अलग-अलग विषय पर आधारित लघु नाटिका तैयार की। छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया जहाँ विभिन्न छात्रों ने शैक्षणिक ज्ञान एवं प्रबंधन के गुर जैसे टीम बिल्डिंग, कॉओरडिनेशन आदि प्रेक्टिकल अपरोच द्वारा सीखें।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर दिपिन माथुर, डीन फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट की अध्यक्षता में किया गया। पेसिफिक युनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट प्रो. हेमंत कोठारी ने विद्यार्थियों को आर्शीवचन से लाभान्वित किया।

प्रो. दिपिन माथुर ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने के लिए नाट्य मंच सबसे अच्छा माध्यम है, जिसमें छात्र अपने कम्युनिकेशन स्किल अभिव्यक्ति प्रस्तुतीकरण एवं अवसरों को बेहतर रूप से विकसित करता है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों जैसे युवा में बढती हुई सामाजिक कुरितियाँ, देश भक्ति, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, सोशल इनकाउण्टर का मंचन किया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया।





पेसिफिक प्रबन्ध संकाय फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा अन्तर महाविद्यालय नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**राजसमन्द,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजस्थान नवीन महाजन से मुलाकात कर उन्हें शिक्षक संघ का ज्ञापन सौंपा।

महामंत्री महेंद्र लखारा ने बताया कि ज्ञापन में शिक्षक बीएलओ मुकेश जांगिड जिसने अधिकारियों के अनावश्यक दबाव के कारण आत्महत्या कर ली थी उसके परिवार को 5० लाख की सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। वर्तमान में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में जो शिक्षक बीएलओ लगे हुए हैं उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा हैं उनको नोटिस देने एवं सस्पेंड करने की धमकी दी जा रही है कार्य को लेकर शिक्षकों को अपमानित किया जा रहा है। शिक्षकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए एवं जिन विद्यालयों में से ज्यादा शिक्षक लगा दिए गए हैं।

### समीक्षा बैठक

**बांसवाड़ा,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेद्वी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, जनसुनवाई, सम्पर्क पार्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सबसे अधिक एवं ज्यादा समय से लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में सुधार लाने के निर्देश दिये। लाडो प्रोत्साहन योजना, एमजेएसए, पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंनें निर्माणाधीन भवनों की प्रगति एवं राजकीय विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों के मरम्मत कार्यों की समीक्षा की वहीं मानसुन के दौरान क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, लाईन एवं ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करने, उच्च जोखिम वाले विद्युत बिंदुओ के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में बड़ौदा क्षेत्रीय ठाामीण बैंक व राजस्थान मरुधरा ठाामीण बैंक का राजस्थान ग्रामीण बैंक में विलय हो जाने से किसान आदान अनुदान के लाभार्थियों के खाते जन आधार में अपडेट करने के संबंध में चर्चा कर निर्देश दिए गए।

# 'सृजन 2025' ओरिएंटेशन दिवस का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर में बीडीएस की 12वीं बैच के लिए 'सृजन 2025' ओरिएंटेशन डे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और इनवोकेशन सेरेमनी से हुई, जिसने पूरे माहौल में सकारात्मक ऊर्जा और शुभारंभ की पवित्रता भर दी।

प्रारंभ में प्रिंसिपल डॉ. बालाजी मनोहर ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए कॉलेज के नियम-विनियम, शैक्षणिक अनुशासन, एंटी-रैगिंग पॉलिसी और संस्थान की उच्च शैक्षणिक परंपराओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य सिर्फ कुशल डॉक्टर तैयार करना ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण जम्मिदार नागरिक बनाना भी है।

इस अवसर अंकित अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2014 से गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि कॉलेज एक सुरक्षित, अनुशासित, पर्यावरण अनुकूल और छात्र हितैषी वातावरण प्रदान करता है।साथ ही उन्होंने बताया कि- 'गीतांजली सूचना प्रणाली के माध्यम से अभिभावक अपने बच्चों की उपस्थिति, प्रदर्शन, गतिविधियाँ और फीडबैक वास्तविक समय में प्राप्त कर सकते हैं। अंत में उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु, विनम्र और समर्पित होकर सीखने के लिए प्रेरित किया।



'सृजन 2025' बीडीएस ओरिएंटेशन डे का आयोजन हुआ।

## सार-समाचार

### धीमी गति से चल रहा एलिवेटेड रोड का काम

**उदयपुर,**(कासं)। बढते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए सिटी स्टेशन से कलेक्टर बंगले के पास बंशीपान तक एलिवेटेड रोड की नींव को डाले एक साल पूरा हो गया है,लेकिन पहले चरण में करीब 20 फीसदी काम ही हो सका है। प्रोजेक्ट की धीमी स्पीड के पीछे कुछ तकनीकी कारण और नगर निगम के मेले के दौरान काम बंद रहना भी है।एलिवेटेड रोड का काम पूरा करने की डेडलाइन दिसंबर 2026 है। दूसरे चरण के लिए हाल ही में कोर्ट चौराहा के पास हनुमान मंदिर के बाहर दुकानें एवं दीवारों को तोडा जा चुका है। 2.7 किमी लंबा एलिवेटेड रोड पर करीब 136.89 करोड रुपए खर्च हो रहे हैं।एक्सपर्ट की मानें तो अगले एक साल में करीब 80 प्रतिशत काम पूरा करना पडेगा। उदियापोल क्षेत्र में जमीन के नीचे नदी पेटा आने से चट्टानें 15-20 मीटर गहराई में मिलीं जिसके चलते पिलरों की डिजाइन बदलनी पडी। पूरे मार्ग में 100 से 102 पिलर बनाए जाने हैं। सिटी रेलवे स्टेशन रोड से बंशी पान तक एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट की 18 नवंबर को नींव रखी गई थी। इसके बाद 28 दिसंबर 2024 को सॉयल टेस्टिंग के बाद काम शुरू हुआ था। लेकिन इस साल टाउन हॉल में दीपावली.दशहरा मेले के कारण निर्माण कार्य को रोकना पडा। इसके लिए सूरजपोल से अशोका बेकरी तक होने वाले कार्य के लिए लगाए लोहे के शेड्स समेत अन्य सामान भी मेले और त्योहार पर जाम के कारण हटा लिए गए थे। वहीं दूसरे चरण के कार्य को लेकर पाइल फाउंडेशन टेस्टिंग का कार्य शुरू हो चुका है। पाइल टेस्टिंग वहां की जाती है जहां सख्त भूमि ज्यादा गहरी होती है। निगम के एसई मुकेश पुजारी के अनुसार शीघ्र ही पाइल टेस्टिंग पूरा होते ही फाउंडेशन और पिलर का कार्य शुरू होगा। पुजारी ने बताया कि तय समय सीमा में यह काम पूरा करवाने फोकस कर रहे हैं। संबंधित निर्माता कंपनी भी समय पर काम को पूरा करने का विचार रखती है। एलिवेटेड रोड का रूट सिटी स्टेशन, उदियापोल, सूरजपोल, टाउनहॉल, देहलीगेट, कलेक्ट्री रोड. कोर्ट चौराहा, कलेक्टर बंगला होते हुए बंशीपान तक रहेगा। इस रूट पर 17.17 फीट उंचे 100 से 102 पिलर खडे किए जाएंगे। आपको बता दें कि कुल 2.7 किमी लंबा एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए नगर निगम उदयपुर ने 179.14 करोड की निविदा निकाली थी। एलिवेटेड रोड पर करीब 136.89 करोड रुपए खर्च होंगे।

### अवैध गांजा बेचने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। अवैध गांजा बेचने के मामले में फरार दो आरोपियों को घंटाघर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 6 अक्टूबर को अम्बामाता थानाधिकारी मय टीम ने अभयसिंह व निर्भयसिंह निवासी सज्जन नगर को गिरफ्तार कर 4 किलों अवैध गांजा, दो चाकू बरामद कर प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा,पुलिस उपाधीक्षक राजेश के सुपरविजन में घटाघर थानाधिकारी कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में गठित दल ने पूछताछ में मिले साक्ष्यों के आधार पर मयंक पुत्र राजेश निवासी जोगीवाड़ा सूरजपोल, मोहित पुत्र यशवंत निवासी गणेश कॉलोनी राव जी का हाटा घंटाघर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इस मामले में गिरफ्तार अभयसिंह व निर्भयसिंह ने मुस्तिकिम निवासी कोटड़ा से अवैध गांजा खरीद कर उदयपुर में ग्राहकों को सप्लाई किया जाता था। जिनसे मोहित व मयंक चौधरी को गिरफ्तार किया।

### धोखे से कब्जा करने का मामला

**उदयपुर,**(कासं)। मेजर ने अरोपी व साथी के खिलाफ फ्लेट पर कब्जा करने का प्रकरण भुपालपुरा पुलिस थाने में दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मैजर अविराज शेखावत पुत्र जगन्नाथ सिंह शेखावत निवासी मंगलम ऑचल कावालड रोड़ झोटवाड़ा जयपुर ने आरोपी चम्पालाल धर्मशाला के पास स्थित वर्धमान कोटा खुला विश्वविद्यालय के अध्ययन प्रभारी जितेन्द्र मेहता के व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि रघुकुल काम्प्लेक्स ए ब्लॉक में फ्लेट नं. 8 जो मेरी भुवा भंवर कुवर के नाम पर है। जिनसे मैंने पावर ले रखा है। भुआ ने उक्त फ्लेट देखरेख के लिए जितेन्द्र मेहता को देरखा था । जिसने उक्त फ्लेट प्रवीणसिंह राठोड़ को किराए दे रखा है।

### बाल वाहिनियों की जांच

**उदयपुर,**(कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश गुप्ता के निर्देशों के ऋम में प्राधिकरण सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा ने फतहपुरा चौराहे पर स्वयं बाल वाहिनियों की जांच की।

### वृद्ध की मौत

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में वृद्ध की अकाल मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शोभागपुरा स्थित शुभ लाभ अपार्टमेंट निवासी दिलिप जारोली(60)पुत्र देवीलाल जारोली की अकाल मौत हो गई। सोमवार सवेरे दिलिप घर से निकला था रात में नहीं

**GENERAL NOTICE**

It is Hereby Informed that the State Level Environment Impact Assessment Authority Rajasthan Has Accorded Environmental Clearance To Our "serpentine Mine ML No. 20/1987 By "Narayan Lal Patel Proprietor M/s Tirupati Marbles & Granite" With Targeted Production Of 29972 TPA in 00.75 Hac. Area in Village Masaron Ki Obri., Tehsil Rishabhdev. District- Udaipur., State Rajasthan Vide Proposal No. SIA/RJ/MIN/540130/2025 Dt. 14/11/2025 Copy Of This Ec Letter is Available With Rajasthan State Pollution Control Board, Jaipur And May Also Be Seen At Website Of Seiaa/ Seac/ Rspcb On Http:// environment.rajasthan.gov.in/.

**मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर**

क्रमांकः मो.ला.सु.वि.वि./उपाधि/दीक्षान्त समारोह/2025/2606 दिनांक 18.11.2025

**दीक्षान्त समारोह अधिसूचना**

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का **33वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 21 दिसम्बर, 2025 (रविवार)** को आयोजित होना प्रस्तावित है। इस समारोह में डॉक्टर आफ फिलॉसफी (Ph.D.) को जिनका वाईवा-वोसी दिनांक **01.08.2024 से 30.11.2025** तक हो चुका हो को उपाधियाँ एवं **परीक्षा वर्ष 2024** के स्वर्ण पदक धारकों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेगें। दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित सूचना एवं डॉक्टर आफ फिलॉसफी (Ph.D.) व स्वर्ण पदक धारको को समारोह में उपस्थित होने के लिए विश्वविद्यालय की website www.mlsu.ac.in पर **दिनांक 24.11.2025 से 12.12.2025** तक Online आवेदन किया जाना सुनिश्चित करावें एवं Online आवेदन का प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर विश्वविद्यालय, उपाधि शाखा में मय पासपोर्ट फोटोग्राफ के साथ जमा कराया जाना सुनिश्चित करे। उक्त समारोह से संबंधित समस्त आगामी जानकारी हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।

कुलसचिव

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/14530 दिनांक : 18.11.2025

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती रेखा पुरोहित पत्नि जितेन्द्र पुरोहित निवासी- बागोल, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-04 क्षैत्रफल- 888.90 वर्गफिट तेलियों का तालाब, नाथद्वारा | भूखण्ड भूखण्ड-05 | भूखण्ड संख्या-03 | 30 फिट रोड रास्ता | 15 फिट रोड रास्ता |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः F7() B.PLAN/MISC/2025-26/1802 दिनांकः 17.11.2025

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सीता देवी चौधरी पत्नि श्री देवीलाल चौधरी | आयड | 2063, 2067, 2059/2634, 2060/2635, 2070/2620 | 09 | 540.00 वर्गफीट | आयड़ पुलिया-युनिवसिटी सड़क से एश्वर्य कॉलेज को जाने वाली 80 फीट सडक पर नागेश्वर रेस्ट्रोरेन्ट के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग, जयपुर द्वारा दिनांक 01-10-2025 को जारी अधिसूचना के क्रम में 07 दिवस हेतु आम सूचना का प्रकाशन समाचार-पत्र के उदयपुर संस्करण में पठनीय करवाय जावें। उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

# गेपसागर पाल पर टूटी मुख्य पाइप लाइन, पेयजल आपूर्ति बाधित



गेपसागर की पाल पर टूटी पाईप लाईन से बहता पेयजल।

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर के गेपसागर की पाल पर मंगलवार सुबह बडी लापरवाही सामने आई, जब पानी सप्लाई की मुख्य पाइप लाइन टूटने से हजारों लीटर साफ पेयजल सडक पर ही बह गया। पानी की सप्लाई शुरू होते ही पाइप लाइन से फव्वारे की तरह पानी निकलने लगा और कुछ ही मिनटों में पूरी सडक तालाब में बदल गई। इससे लोगों को आवाजाही में भारी मुश्किलों का सामना करना पडा।

डूंगरपुर शहर में इन दिनों सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ठेकेदार द्वारा मनमर्जी से जगह-जगह खुदाई की जा रही है, जिससे पहले से बिछी पाइप लाइनों को नुकसान पहुंच रहा है। सोमवार को गेपसागर पाल पर जेसीबी से खुदाई के दौरान जलदाय विभाग की मुख्य पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। मंगलवार सुबह जैसे ही पानी की सप्लाई शुरू हुई, टूटे हिस्से से पानी तेज धार में बहने लगा। यह सडक नए और पुराने शहर को ही नहीं, कई गांवों को भी जोडती है। सडक पर फैले पानी और कीचड से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों ने जलदाय विभाग को इसकी शिकायत भी की, मगर तब तक पानी पूरी पाल पर फैल चुका था।सीवरेज कार्य की गैर जिम्मेदाराना खुदाई से न केवल शहर की जलापूर्ति प्रभावित हो रही है,बल्कि पीने के पानी की बर्बादी भी हो रही है। पाइप लाइन टूटने के कारण कई क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक सप्लाई बाधित रहने की आशंका है, जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड सकता है। जलदाय विभाग के एक्सईएन मूलचंद रोत ने बताया कि रूडीफ की ओर से सीवरेज लाइन की खुदाई के दौरान मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी।मंगलवार सुबह पानी की सप्लाई शुरू होते ही पाइप से पानी बहने लगाए जिसे देखते ही तुरंत सप्लाई बंद कर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया।

# एमबी हॉस्पिटल में एसोसिएशन की बैठक

**उदयपुर,** (कासं)। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और हॉस्पिटलों के अधीक्षकों को निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के आदेशों का विरोध तेज हो गया है। राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन उदयपुर इकाई की बैठक एमबी हॉस्पिटल में की गई।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेशों पर गंभीरता से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इन आदेशों पर कडी आपत्ति दर्ज की।राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन उदयपुर के सचिव डॉ. तरुण रलोत ने बताया कि 11 नवम्बर को जारी विवादित आदेशों में प्रिंसिपल और अधीक्षक के लिए कई नई शर्तें लागू की गई हैं जिनमें निजी प्रैक्टिस पर रोक, प्रिंसिपल पद के लिए सीधे चयन पर रोक, तीन वर्ष अधीक्षक,अतिरिक्त प्रिंसिपल और दो साल विभागाध्यक्ष का अनिवार्य अनुभव,उच्चस्तरीय चयन समिति तथा क्लीनिकल कार्य को 25 प्रतिशत तक सीमित करने आदि को लेकर चर्चा की गई।एसोसिएशन सदस्यों ने कहा कि यह आदेश चिकित्सकों, विशेषकर वरिष्ठ प्रोफेसरों के हितों पर प्रत्यक्ष आघात है और यह वरिष्ठता,योग्यता तथा प्रशासनिक अनुभव.तीनों की उपेक्षा करता है। आदेश से स्पष्ट संकेत मिलता है कि सरकार राज्य से बाहर के चिकित्सकों को वरिष्ठ पदों पर प्राथमिकता देने की तैयारी कर रही है,जो राजस्थान के शिक्षकों के लिए हानिकारक और अस्वीकार्य है।किसी भी पद पर अधिकतम आयु 57 साल निर्धारित करना असंवैधानिक है जबकि सेवानिवृत्ति आयु 65 साल है। सभी सदस्यों ने बताया कि यह आदेश चिकित्सा संस्थानों की कार्यप्रणाली को बाधित करेगा और यह कदम प्रैक्टिशनर डॉक्टरों के लिए चयनात्मक रूप से अवसर सीमित करेगा जबकि पहले अधिकांश प्रिंसिपल और अधीक्षक उत्कृष्ट चिकित्सक होने के साथ ही कुशल प्रशासक भी रहे हैं।बैठक में उपस्थित सभी मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने उदयपुर इकाई के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की और कहा कि यह आदेश चिकित्सकों की गरिमा और वरिष्ठता पर प्रहार करता है।सभी ने कहा कि यदि राज्य सरकार यह आदेश वापस नहीं लेती, तो सभी मेडिकल सुपरिटेंडेंट भी के साथ खडे होंगे और आवश्यकता पडने पर सामूहिक इस्तीफे पर भी विचार किया जाएगा।